कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 09-03-2025

विषयः- थाना आदमपुर पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार, मोबाइल बरामद।।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक आदमपुर के नेतृत्व में थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 35/2024 धारा- 303(2), 317(2) BNS थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित अभियुक्त सनी राजभर पुत्र गंजे राजभर निवासी A-38/294 कोनिया सट्टी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को कोनिया घाट के तरफ रेलवे लाइन के पास थानाक्षेत्र आदमपुर से दिनांक- 09.03.2025 को गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण- दिनांक 08.03.2025 को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी का मोबाइल फोन vivo 4oe Royal bronz को कज्जाकपुरा क्रासिंग के पास ट्रेन रुकने पर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना आदमपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त सनी राजभर पुत्र गंजे राजभर निवासी A-38/294 कोनिया सट्टी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष ने बताया कि अधिक पैंसा कमाने के चक्कर में चोरी आदि की घटनाए करने लगा था।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- स्थान- कोनिया घाट के तरफ रेलवे लाइन के पास थानाक्षेत्र आदमपुर, दिनांक- 09.03.2025

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- सनी राजभर पुत्र गंजे राजभर निवासी A-38/294 कोनिया सट्टी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद मोबाइल फोन विवो कंपनी रंग तांबा /ब्रान्ज टुटे हए अवस्था मे
2. एक अदद ओपो कंपनी मोबाइल फोन रंग नांरगी

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 चन्दन कुमार थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. हे0का0 मनोज कुमार सिंह थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. का0 अजय कुमार यादव थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।